Dainik Jagran 29.04.2016

Page No. – IV GZB S.No.- 237

गोलू मिस्टर तो अपूर्वा बनीं मिस फेयरवेल

- आइटीएस कालेज ऑफ फार्मेसी में किया गया आयोजन

जासं, गाजियाबाद : आइटीएस फार्मेसी कालेज में बृहस्पतिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्रचार्य डा.एस.सदीश और प्रशासनिक अधिकारी डीएस जौली ने दीप प्रज्जवलित करके किया। डा. सदीश ने कहा कि छात्रों को कुशल, सभ्य नागरिक बनकर समाज में अपनी अच्छी छवि स्थापित करनी होगी। फार्मेसी विभाग नामी कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल कर चुके है। उन्होंने कहा कि विदाई समारोह शिक्षा का पूर्ण विराम नहीं बल्कि एक नए लर्निंग फेज की शुरूआत है। प्रशासनिक अधिकारी जौली ने कहा कि छात्रों को अपने नए जीवन की शुरूआत मेहनत से करनी होगी। छात्र-छात्राओं ने रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और जमकर मस्ती की। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल गोलू और मिस फेयरवेल अपूर्वा को चुना गया।

Nav Bharat Times

29.04.2016

Page No. -05

S.No.- 238

अपूर्वा बनीं मिस फेयरवेल

एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद : मेरठ रोड स्थित आईटीएस कॉलेज में गुरुवार को फार्मेसी डिपार्टमेंट की ओर से फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी में स्टूडेंट्स ने कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। समारोह का शुभारंभ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.एस. संदीप व प्रशासनिक अधिकारी डी.एस. जौली ने किया।

डॉ.एस.संदीप ने कहा कि विदाई समारोह शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरुआत है। अब स्टूडेंट्स लाइफ की चुनौतियों का अध्ययन करेंगे और अपने बुलंद हौसलों से उन पर सफलता प्राप्त करेंगे। डी.एस.जौली ने कहा कि लाइफ में कभी भी ईमानदारी व मेहनत से पीछे नहीं हटना चाहिए। ईमानदारी व मेहनत ही सफलता की कुंजी है और यह हमें अलग पहचान दिलाती है। इस कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के बाद स्टूडेंट्स ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हालांकि, मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। गोलू को मिस्टर फेयरवेल और अपूर्वा को मिस फेयरवेल चुना गया। समारोह का संचालन डॉ.राधा गोसल व निधि त्यागी ने किया।